चुटकले

कु० गर्विता,
कक्षा VII

1. एक ग्रामीण ने ठेकेदार से पूछा : 'बाबूजी यह ज़ंगल क्यों काटा जा रहा है ?'
ठेकेदार ने बताया : 'यह सारा जंगल काटकर मैदान बनाया जा रहा है , माननीय मन्त्रीजी यहां आकर वृक्षारोपण करेंगे ।'

2. मास्टरजी : राजू बेटा पृथवी गोल है ।
राजू : मास्टरजी पृथवी न गोल है न चपटी । कहते है दुनिया 420 है ।

3. पत्नी (पति से) : 'देखोजी आप हमें नाम से पुकारते हो, सो अब हमारा बेटा भी मुझे नामसे पुकारने लगा है । '
पति (पत्नी से) : 'तो क्या मै तुम्हें मम्मी कह कर पुकारुं ? '

4. *(एक अमेरिकी युवक भारत भ्रमण के लिये आता है, वह अपने साथ एक गाईड लेकर भारत भ्रमण के लिए निकल पड़ता है । वे पहले लाल किला देखने जाते हैं ।)*

गाईड कहता - ' इसको बनाने में पंद्रह साल लगे थे । '
युवक - ' हमारे देश में तो ऐसा किला एक या दो साल में ही बन जाता है । '

(गाईड को बहुत बुरा लगा, परन्तु वह कुछ न बोला । इसके बाद वे इंडिया गेट गए, तब गाईड ने बताया कि यह गेट तकरीबन एक साल में बना था । इसपर प्रतिक्रिया करते हुए)

अमेरिकी युवक ने बोला- 'हमारे यहां तो ऐसी इमारत तो एक दो महीनों में ही बन जाती है ।

(फिर कुतुबमीनार देखने जाते हैं । गाईड को गुस्सा तो आ ही रहा था , सो वह चुप रहा । तब ..)

युवक ने पूछा - 'इसे बनाने में कितना समय लगा ?'
गाईड ने (आश्चर्य होकर) कहा - 'पता नहीं, सुबह तो यह यहां थी ही नहीं ।

****